आईआईटी भिलाई नए एम.एससी. छात्रों का स्वागत करता है

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) भिलाई ने 16 अगस्त, 2020 को एम.एससी. के छात्रों के नए बैच के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कोविड-19 महामारी के कारण प्रत्यक्ष और रूबरू शैक्षणिक गतिविधियाँ बाधित हुई हैं। परन्तु, इस परिस्थिति के बावजूद, हमारे लिए यह प्रसन्नता की बात है कि भारत के एक प्रमुख संस्थान में चयनित एम.एससी. उम्मीदवारों के लिए एक नई यात्रा शुरू होने वाली है। कोविड-19 सलाहों को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने नए शामिल छात्रों के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का संचालन आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. रजत मूना ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि नियमित रूप से ऑनलाइन कक्षाएँ विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रमों से परिचित कराने में सहायक होंगी और संस्थान में अपनाए गए शिक्षण-शैली उनके लिए लाभदायक सिद्ध होगी। छात्र मामलों, शैक्षणिक मामलों के संकाय-प्रभारियों और स्टाफ के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों और विभागों से और आईआईटी भिलाई में छात्र-जीवन, स्वास्थ्य-सुविधाओं और ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया। सहायक कार्यकारी अभियंता श्रीनिवास मनम द्वारा स्थायी परिसर के विकास के बारे में विवरण भी साझा किया गया। ओरिएंटेशन के दौरान छात्रों को वेबेक्स के माध्यम से अपने संरक्षक छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करने का भी मौका मिला। नए शामिल छात्रों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी ऑनलाइन संपन्न हुई।

इस प्रकार आईआईटी भिलाई कोरोनाविषाणु के कारण देश में उत्पन्न शैक्षणिक-बाधाओं से निपटने के लिए विद्यार्थियों की बदलती जरूरतों के अनुकूल ऑनलाइन माध्यम से विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने हेतुतेजी से

विकसित हो रहा है। पिछले कई महीनों के दौरान संस्थान ने न केवल विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया है, बल्कि संकाय सदस्य भी एम.एससी. छात्रों के लिए नए पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं, जैसे - क्वांटम रसायन विज्ञान, कम्प्यूटेशनल भौतिकी और रैखिक बीजगणित। छात्र-छात्राएँ अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने या जारी रखने में निःसंदेह खुश और चिंता-मुक्त है, जो कि निःसंदेह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।